THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SMT. D. K. THARA DEVI SIDDHARTHA): (a) As per available latest information, Family Welfare services are provided in the Maharashtra State through a net work of 12204 Centres which comprise of rural and urban Family Welfare Centres, Urban Health posts, Post Partum Centres, Community Health Centres, Primary Health Centres and Sub Centres.

(b) The provisional number of sterilisation operations performed in Maharashtra State during the year 1991-92 is 335774.

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद को "परिवार संबंधी परियोजनाएं"

515. **श्री रणजीत सिंह :**

श्री कैलाश नारायण सारंग :

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 17 मई, 1992 के स्टेट्समैन में "आई.सी.एम.आर. प्रोजेक्ट्स फेल टू बीयर फ्रूट्स" शीर्षक के अंतर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा देश में "यूयूमैन रिसर्च रिप्रोडक्शन सेन्टर्स" स्थापित किए गए हैं ;

(ग) यदि हां, तो अप्रैल, 1992 तक कितने केन्द्र स्थापित किए गए; और

(घ) इनमें से कुल कितने केन्द्र शोध कार्यों में रत है, और इस अवधि तक इन केन्द्रों द्वारा शोध संबंधी क्या-क्या उपलब्धियां प्राप्त की गई तथा इन केन्द्रों का केन्द्र-वार-वार्षिक बजट कितना है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती डी० के० तारा देवी सिद्धार्थ) : (क) और (ख) जी, हां।

(ग) अप्रैल, 1992 तक 33 केंद्र स्थापित किए गए हैं।

(घ) सभी 33 केंद्र गर्भनिरोधन और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य क्षेत्र में नैदानिक तथा प्रचालनात्मक अनुसंधान अध्ययनों में लगे हुए हैं। प्रमुख उपलब्धियां इस प्रकार हैं :–

— राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम में कॉपर टी 200 बी तथा मुखसेव्य गोलियों का प्रचलन ;

— महिला नसबंदी के लिए दिशानिर्देश तैयार करना ;

— नए गर्भनिरोधकों पर अध्ययन/अनुसंधान ;

— परिवार कल्याण सेवाओं की कवरेज और गुणवत्ता में सुधार ;

इन केंद्रों का वार्षिक बजट विवरण में दिया गया है।

विवरण

प्रत्येक केंद्र के लिए 1992–93 का बजट आवंटन

क्रम संख्या	केंद्र का नाम	बजट आवंटन
1.	मेडिकल कालेज, गुवाहाटी	4,57,740
2.	प्रसूति एवं स्त्री रोग संस्थान, मद्रास	4,48,560
3.	कस्तूरबा अस्पताल, दिल्ली	4,94,100
4.	सफदरजंग अस्पताल, दिल्ली	4,28,320
5.	के० जी० मेडिकल कालेज, लखनऊ	4,21,790
6.	एम०एल०एन० मेडिकल कालेज, इलाहाबाद	3,73,190
7.	एस०पी० मेडिकल कालेज, बीकानेर	3,40,830
8.	मेडिकल कालेज, जम्मू	3,81,310
9.	बी० जे० मेडिकल कालेज, पुणे	3,68,250
10.	मेडिकल कालेज बड़ौदा	4,47,090
11.	पी०जी०आई० चंडीगढ़	3,88,900
12.	मेडिकल कालेज, मदुरै	3,92,900
13.	के०ई०एम० अस्पताल, बम्बई	3,57,480
14.	मेडिकल कालेज, कटक	3,81,310
15.	आई०पी०एम०ई०आर०/एस०एस०के०एम०, कलकत्ता	4,58,680
16.	आर०जी० कर, कलकत्ता	3,85,310
17.	मेडिकल कालेज, पांडिचेरी	4,38,740
18.	ईडन अस्पताल, कलकत्ता	3,99,960
19.	के०एम०सी०, मद्रास	3,76,250
20.	जी०एस०बी०एम० मेडिकल कालेज, कानपुर	3,50,950
21.	सत अस्पताल, तिरूवनंतपुरम	3,86,370
22.	एल०एल०आर०एम० मेडिकल कालेज, मेरठ	3,66,130
23.	एस०एम०एस० मेडिकल कालेज, जयपुर	3,71,190
24.	ज०ला०ने० मेडिकल कालेज, बेलगाम	3,81,310
25.	के०ई०एम० अस्पताल, पुणे	3,78,780
26.	आर०एस०आर०एम० अस्पताल, मद्रास	4,09,140
27.	आर०एम०एस०पी०, कलकत्ता	3,81,310
28.	जे०जे० अस्पताल, बम्बई	3,78,780
29.	के०जी० अस्पताल, मद्रास	3,93,960
30.	अ०भा०आ० संस्थान, दिल्ली	3,58,660
31.	मेडिकल कालेज, श्रीनगर	3,76,250
32.	मेडिकल कालेज, गोवा	3,51,180
33.	मेडिकल कालेज, पटना	3,45,890